Title: Need to enhance production of electricity by Chandrapur and Bokaro Thermal Power Stations in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार की नीति के अनुसार दामोदर घाटी निगम को नवीं पंचवर्षीय योजना में 5000 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करना था, जिसमें से 210 मेगावाट की दो ईकाई चन्द्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन एवं 210 मेगावाट कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन द्वारा उत्पादित करना था, परन्तु यह कार्य झारखंड के इन थर्मल पावर स्टेशनों में नहीं किया गया। इसके विपरीत डीवीसी ने मिजिया (पश्चिम बंगाल) में अतिरिक्त बिजली उत्पादन का काम शुरु कर दिया । यह सरकार की नीति के अनुसार नहीं है।

अत: केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि झारखण्ड राज्य में खासकर सीटीपीएस एवं बीटीपीएस में सरकार की नीति के अनुसार अतिरिक्त बिजली उत्पादन कराया जाये।